Goal Infratech

ISO - 9001:2015

# Luxury of Independent House Living

*Our Goal is to Define Your Dream.*

Ongoing Project

## Indraprastha City






## Mission

To have a foundation of constant growth and improvement so that we may empower our clients to achieve their real estate goals, all with the highest caliber of services and support.

## Values

Staying as loyal to our client as they are to us. Constant growth and development. Always delivering results. Service that does not end at the transaction.

## Vision


To Contribute significantly to Build the New India & Become the most valuable Real Estate Company.

## Distance from Important Places

| | | |
|---|---|---|
| • Bihta Sarmera Expressway | - | Walking Distance |
| • Satellite Town Project, Naubatpur | - | 4 Km. |
| • Cyber City Proposed, Dumari | - | 7 Km. |
| • Jat-Dumari Junction Proposed | - | 7 Km. |
| • International Airport, Bihta | - | 8 Km. |
| • AIIMS, Phulwarisarif | - | 10 Km. |
| • ESIC Hospital, Bihta | - | 10 Km. |
| • IIT, Bihta | - | 12 Km. |
| • Danapur Station | - | 13 Km. |

## Location Map





To Bihta
To AIIMS
Bihta - Sarmera Exp.
35 feet wide road
16 feet wide road
Future Development
N
W
E
S
Goal Infratech
ISO - 9001:2015
Indraprastha City
Proposed Layout
10 1505.25 sqft.
11 1200 sqft.
9 1200 sqft.
12 1200 sqft.
8 1000 sqft.
13 1270 sqft.
7 1200 sqft.
14 1200 sqft.
15 1200 sqft.
6 1200 sqft.
16 1700 sqft.
22 900 sqft.
23 900 sqft.
24 900 sqft.
25 1200 sqft.
26 900 sqft.
27 1200 sqft.
28 1200 sqft.
29 1200 sqft.
30 1000 sqft.
5 1200 sqft.
17 1552 sqft.
4 1491 sqft.
18 1552 sqft.
3 1200 sqft.
19 1503 sqft.
2 1200 sqft.
20 1503 sqft.
1 1700 sqft.
21 1410.75 sqft.
31 1464 sqft.
32 1200 sqft.
33 1200 sqft.
34 1200 sqft.
39 1372 sqft.
35 918 sqft.
36 900 sqft.
37 900 sqft.
40 1600 sqft.
38 900 sqft.
46 1290 sqft.
51 1143 sqft.
41 1534.28 sqft.
47 1200 sqft.
52 1500 sqft.
42 1200 sqft.
48 1079.5 sqft.
53 1543 sqft.
43 1200 sqft.
49 1200 sqft.
54 1700 sqft.
44 1875 sqft.
50 1500 sqft.
55 1500 sqft.
45 1260 sqft.
63 1200 sqft.
64 1200 sqft.
65 1200 sqft.
56 1260 sqft.
62 1410.75 sqft.
57 1260 sqft.
58 1250 sqft.
59 1250 sqft.
60 1250 sqft.
61 1250 sqft.
66 1120 sqft.

# Reasons of Locality Development

**सुविधा** | **नेउरा–दनियावां ट्रैक के निर्माण होने से घटेगा पटना–किउल रेलखंड पर दवाव**

## पुनपुन का जट डुमरी हॉल्ट बनेगा जंक्शन, 4 रूटों के लिए खुलेंगी ट्रेनें

जागरण संवाददाता, पटना : नेउरा से दनियावां के बीच बहुप्रतीक्षित रेललाइन के निर्माण का काम शुरू कर दिया गया है। जिला प्रशासन की ओर से इस रेलखंड के लिए लगभग 555 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया गया है। जमीन का ले आउट कर अब मिट्टी भराई का काम हो रहा है। 42.2 किमी लंबे रेलखंड का निर्माण कार्य नेउरा की तरफ से शुरू हो गया है। इसके निर्माण से मालगाड़ियों के परिचालन में तेजी आएगी। रेल विकास निगम की ओर से इसका निर्माण कार्य कराया जा रहा है। दो से तीन साल में निर्माण कार्य पूरा होने की उम्मीद है। तत्कालीन रेलमंत्री नीतीश कुमार ने इसके निर्माण की घोषणा की थी।

निर्माण से जुड़े अधिकारियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि नेउरा-दनियावां रेलखंड पर सबसे बड़ी परेशानी पुनपुन के पास जट डुमरी में पटना-गया रेललाइन को क्रॉस कराने की है। इसके लिए रेलवे की ओर से रेल ओवर रेल बनाने की बात चल रही है। हालांकि इसमें काफी समय लगेगा इसके कारण फिलहाल सीधे रेललाइन को पार कराने की कोशिश की जाएगी। जट डुमरी हॉल्ट को स्टेशन ही नहीं जंक्शन के रूप में विकसित किया जाएगा। इस पर काम भी शुरू हो चुका है। नेउरा से दनियावां के बीच छह प्रमुख स्टेशन बनाए जाएंगे। इनमें से जट डुमरी, मरांची, बैजूबिगहा, फजलचक, ग्वास हॉल्ट, टॉप सरथुआ एवं दनियावां है। रेल अधिकारियों की मानें तो नेउरा-दनियावां के बीच 4 बड़े रेल पुल के साथ ही 55 छोटे पुलिया बनाए जाएंगे। इसके साथ ही चार रेल ओवर रोड ब्रिज बनाने की योजना है। इसके निर्माण पर लगभग 700 करोड़ रुपये खर्च होने की संभावना है। पहले यह लागत 516 करोड़ की थी। इसके बन जाने से यह सीधे नेउरा से दनियावां होते हुए बिहारशरीफ होकर बरबीघा शेखपुरा से मिल जाएगी। नेउरा से 125 किमी लंबा मेन लाइन बाइपास के रूप में उपयोग में लाया जाएगा। कई प्रमुख ट्रेनों को नेउरा से सीधे किउल होकर आसनसोल तक चलाया जा सकता है।

**04** बड़े व 49 छोटे पुल–पुलियों का कराया जाएगा निर्माण

**06** स्टेशन बनाए जाएंगे नेउरा–दनियावां रेलखंड के बीच

**555** एकड़ जमीन का अधिग्रहण कर शुरू हुआ काम

**42.2** किमी लंबे रेललाइन के निर्माण में खर्च होंगे 700 करोड़



नेउरा–दनियावां रेलखंड के निर्माण की जिम्मेदारी रेल विकास निगम को दे दी गई है। रेल विकास निगम की ओर से इसका निर्माण कार्य शुरू कराया गया है। इस रेलखंड को मेन लाइन के विकल्प के रूप में इस्तेमाल किया जा सकेगा। दानापुर मंडल की ओर से भरपूर सहयोग किया जा रहा है।
**संजय कुमार प्रसाद**, जन संपर्क अधिकारी, दानापुर।

## पटना को मिल गया एक और नया बाईपास

पटना | **वरीय संवाददाता**

लंबे समय बाद आखिरकार बिहटा सरमेरा फोरलेन पर वाहनों का परिचालन शुरू हो गया बुधवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस क्षण के एक बड़े हिस्से का उद्घाटन किया जो डुमरी से सरमेरा तक 68 किलोमीटर है। इस तरह पटना को एक नया बाइपास मिल गया।

परियोजना से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि बिहटा प्रखंड के कन्हौली से नालंदा जिले के सरमेरा तक फोरलेन सड़क 94 किलोमीटर लंबी है तथा सड़क की चौड़ाई 60 मीटर है। यह सड़क वर्तमान समय में फोरलेन है लेकिन भविष्य में इसे



8 लेन करने की योजना है। अधिकारियों का कहना है कि डुमरी से सरमेरा तक 67 मिनट में दूरी तय की जा सकती है। बीच-बीच में कई जगह पर अंडरपास बनाये गये हैं, ताकि ग्रामीणों को फोरलेन को पार करने में सुविधा हो इसके अलावा सदीसोपुर के पास रेलवे ओवरब्रिज बनाया जा रहा है।

# नौबतपुर को एम्स से जोड़ने को बनेगी चार लेन सड़क

पटना | हिन्दुस्तान ब्यूरो

नौबतपुर में जाम की समस्या दूर करने के लिए फ्लाई ओवर बनेगा। साथ ही एम्स से नौबतपुर तक एक चार लेन की सड़क भी बनेगी। फ्लाई ओवर पटना के रिंग रोड (बिहटा-सरमेरा पथ) और एनएच 98 के मिलान बिन्दु पर बनेगा। वहां सर्विस रोड भी होगा।

यह स्थल नौबतपुर बाजार के बाहर पड़ेगा। विधान परिषद में पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने सीपी सिन्हा के ध्यानाकर्षण सूचना पर सरकार की ओर से वक्तव्य में यह जानकारी दी।

**यातायात**

- रिंग रोड और एनएच 98 के मिलान बिन्दु पर फ्लाईओवर बनेगा
- पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने विधान परिषद में दी जानकारी

उन्होंने कहा कि इन दोनों योजनाओं पर काम भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा किया जा रहा है। फ्लाईओवर और सर्विस रोड बन जाने से जाम की समस्या दूर हो जाएगी। एमएच 98 अब एनएच 139 हो गया है। इस पथ पर एम्स गोलम्बर से नौबतपुर तक चार लेन की एक सड़क बनेगी।

इस सड़क की डीपीआर बनाने के लिए परामर्शी का चयन कर लिया गया है। परामर्शी ने डीपीआर पर काम शुरू भी कर दिया है। डीपीआर बनने के बाद इसपर केन्द्र सरकार की मुहर लगी तो आगे का काम शुरू होगा। ध्यानाकर्षण प्रस्ताव लाने वाले सदस्य ने नौबतपुर में जाम की समस्या से सरकार को अवगत कराया था।


उन्होंने कहा कि नौबतपुर बाजार में सड़क पतली हो गई है। जाम की यह मुख्य समस्या है। मंत्री ने कहा कि सर्विस रोड और फ्लाईओवर बनने से समस्या दूर हो जाएगी।



# डुमरी में बेसगी प्रदेश की पहली साइबर सिटी, पटना के नये मास्टर प्लान प्रस्ताव

**पुनपुन के डुमरी में बसेगी सूबे की पहली साइबर सिटी। सरकार ने राज्य में आईटी हब के रूप में डेवलप करने के लिए इस स्थान को चिन्हित किया है।**

Oct 30, 2016, 02:55 AM IST



**पटना.** पुनपुन के डुमरी में बसेगी सूबे की पहली साइबर सिटी। सरकार ने राज्य में आईटी हब के रूप में डेवलप करने के लिए इस स्थान को चिन्हित किया है। पटना मास्टर प्लान 2031 में डुमरी का चुनाव नए एयरपोर्ट के लिए किया गया था। लेकिन राज्य और केन्द्र सरकार ने बिहटा के एयरफोर्स स्टेशन के साथ नया एयरपोर्ट विकसित करने का निर्णय लिया है। इसके बाद इस इलाके को साइबर सिटी के रूप में डेवलप करने की कवायद शुरू हो गई है।

एनएच 83 पर इसे 17.6 वर्ग किलोमीटर में बसाया जाएगा। यह पुनपुन में विकसित होने वाली सेटेलाइट सिटी के साथ भी जुड़ी होगी। साथ ही इसकी दोनों ओर दो-दो सेटेलाइट टाउन भी बसाए जाने हैं। इन चारों सेटेलाइट टाउनशिप से भी साइबर सिटी को जोड़ने की योजना है। निरमा विश्वविद्यालय के निदेशक उत्पल शर्मा ने बताया कि साइबर सिटी को हैदराबाद के पास बनाई गई साइबराबाद की तर्ज पर विकसित किया जाएगा।

**ये होंगी खासियतें**

- 17.6 वर्ग किलोमीटर में फैली होगी साइबर सिटी।
- 70 वर्ग किलोमीटर में बनेगी नई टाउनशिप।

**विकसित होगी टाउनशिप भी**

पटना मास्टर प्लान में पुनपुन में सेटेलाइट टाउनशिप विकसित करने का प्रस्ताव है। नया शहर 70 वर्ग किलोमीटर में विकसित किया जाएगा। सेटेलाइट टाउनशिप में आवासीय के अलावा व्यावसायिक और सार्वजनिक सुविधाएं विकसित की जाएगी। नए शहर के 33 फीसदी लोगों को रोजगार देने की योजना है। सरकार स्किल डेवलपमेंट पर जोर देगी।

# बिहटा एयरपोर्ट के लिए भूमि अधिग्रहण का काम अंतिम चरण में, अगले दो साल में बनाने का लक्ष्य

Published By: Abhishek | हिन्दुस्तान,पटना

Last updated: Fri, 31 Jan 2020 09:25 PM

बिहटा एयरपोर्ट के लिए 173 एकड़ भूमि अधिग्रहित की गई है। आठ एकड़ और भूमि का प्रस्ताव नागरिक उड्डयन मंत्रालय को भेजा गया है। इस विषय पर शनिवार को जिला प्रशासन, एयरपोर्ट प्रशासन और स्थानीय नागरिकों की बैठक प्रस्तावित है। अधिकारियों का कहना है कि नया एयरपोर्ट बनाने का काम शुरू हो गया है। शेष आठ एकड़ भूमि को अधिग्रहित का प्रस्ताव गया हुआ है। मंत्रालय से हरी झंडी मिलने के बाद एयरपोर्ट बनाने में तेजी आ जाएगी।
अगले दो साल के अंदर बिहटा एयरपोर्ट को बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इस बीच आठ एकड़ भूमि को अधिग्रहित करने के लिए एयरपोर्ट प्रशासन ने डीएम से अनुरोध किया था। अपर समाहर्ता राजस्व राजीव श्रीवास्तव ने बताया कि शनिवार को भूमि अधिग्रहण के मामले में बैठक बुलाई गई है।
इधर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी पंकज पटेल ने बताया कि बिहटा एयरपोर्ट के लिए भूमि अधिग्रहण को प्राथमिकता के तौर पर रखा गया है। एयरपोर्ट प्रशासन को जितनी भूमि की जरूरत थी उसके अधिग्रहण का प्रस्ताव मंत्रालय को भेज दिया गया है। मंत्रालय की सहमति आने के बाद किसानों को मुआवजा राशि देने का काम शुरू हो जाएगा

आठ एकड़ रेलवे की जमीन ली जाएगी

दानापुर से बिहटा तक एलीवेटेड सड़क बनाने के लिए जिला प्रशासन ने रेलवे से करीब आठ एकड़ भूमि लेने का प्रस्ताव भेजा गया है। आठ एकड़ भूमि में सबसे अधिक दानापुर स्टेशन के पास है। रेलवे स्टेशन के पास का एरिया चौड़ा किया जाएगा। जिला भू अर्जन पदाधिकारी ने बताया कि दानापुर से बिहटा के लिए जो एलीवेटेड सड़क बनाई जाएगी उसमें कई जगहों पर रैंप बनाने का प्रस्ताव है। फ्लाईओवर पर वाहनों के चढ़ने के लिए रैंप बनने हैं, ताकि दानापुर से बिहटा के बीच में लोग बीच-बीच में सड़क पर नीचे से ऊपर अपनी गाड़ियों के लेकर चढ़ सकें या उतर सकें। सर्वे का काम चल रहा है। एक एजेंसी को इसकी जिम्मेदारी दी गई है। सर्वे का काम पूरा होने के बाद भूमि अधिग्रहण का प्रस्ताव एनएचएआई की ओर से दिया जाना है। एलीवेटेड सड़क फोरलेन होगी। अधिकारियों का कहना है कि यह सड़क 100 से 125 फीट चौड़ी होगी।







अभी-अभी

# 2600 एकड़ में फैला होगा ग्रेटर पटना, ब्लूप्रिंट तैयार, 3 साल में बदल जाएगी इलाके की तस्वीर

अगस्त 26, 2020 dailybihar 0 Comments

PATNA : ग्रेटर पटना का प्रशासनिक खाका लगभग तैयार हो गया है। पटना के 7 प्रखंडों कर 2600 एकड़ भूमि ग्रेटर पटना का हिस्सा बनेगी। इसमें करीब 500 गांव लाभान्वित होंगे, जबकि 16 लाख 81 हजार जनसंख्या को विशेष तौर पर लाभ होगा। आगामी तीन सालों में ग्रेटर पटना के इलाके की तस्वीर बदल जाएगी। प्रथम चरण में यातायात सुविधाएं बढ़ेंगी। उसके बाद आवासीय क्षेत्र विकसित किए जाएंगे। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री ने मंगलवार को ग्रेटर पटना के इलाके का मुआयना कर अधिकारियों को समुचित निर्देश दिए। ग्रेटर पटना में सबसे अधिक इलाका मनेर प्रखंड का होगा। इस प्रखंड की 480 एकड़ भूमि ग्रेटर पटना के हिस्से में जाएगी, जिसमें 49 गांव सम्मिलित होंगे। दूसरे नंबर पर बिहटा प्रखंड होगा, जिसकी 477 एकड़ भूमि इस क्षेत्र में आएगी। इस प्रखंड के 100 गांव इससे लाभान्वित होंगे। इसी प्रकार नौबतपुर की 430 एकड़, बिक्रम की 362 एकड़, दानापुर की 360 एकड़, फुलवारीशरीफ की 291 एकड़ तथा संपतचक की 198 एकड़ भूमि ग्रेटर पटना में शामिल होगी।



सबसे अधिक नौबतपुर प्रखंड के 109 गांव इससे लाभान्वित होंगे। इन प्रखंडों में 16 लाख 81 हजार 341 लोग रह रहे हैं, जिन्हें ग्रेटर पटना का सबसे अधिक लाभ मिलेगा। भविष्य में ग्रेटर पटना का विस्तार फतुहा, दुल्हिन बाजार, पालीगंज तक करने की कार्य योजना है लेकिन यह दूसरे चरण में होगा। वैसे तो ग्रेटर पटना में बिहटा, नौबतपुर, शिवाला, नेउरा, सदिसोपुर के अलावा कन्हौली एक ऐसा प्वाइंट होगा, जो भविष्य में सबसे अधिक विकसित होने की उम्मीद है। क्योंकि यह पटना के रिंग रोड के बीच का हिस्सा होगा। ग्रेटर पटना का सबसे महत्वपूर्ण परियोजना दानापुर से बिहटा तक एलिवेटेड रोड का निर्माण है। इस सड़क का डीपीआर लगभग तैयार हो गया है। जल्द ही इस दिशा में काम शुरू होगा। अधिकारियों का कहना है कि अगले 4 सालों में इस सड़क को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। एलिवेटेड रोड हो जाने से दानापुर से बिहटा तक का सफर महज 20 मिनट में तय किया जा सकेगा। पटना रिंग रोड का एक हिस्सा लगभग बनकर तैयार हो गया है। दूसरे हिस्सा का लेआउट तैयार करने का काम शुरू हो गया है। अधिकारियों का कहना है कि दनियावां से कन्हौली तक तथा कन्हौली से शेरपुर होते हुए दनियावां तक सड़क रिंग रोड के रूप में होगी। इससे पटना शहर के दोनों हिस्से से वाहन निकल सकते हैं। कन्हौली से उत्तर दिशा में दिघवारा, जहां नया पुल बनाया जा रहा है। दिघवारा से पूरब होते हुए सड़क संबलपुर चली जाएगी। फिर संबलपुर से दनियावां में सड़क मिल जाएगी। इस प्रकार रिंग रोड बनने से भारी वाहनों को कन्हौली से दोनों तरफ से वाहनों को निकलने का रास्ता मिल जाएगा।

# Actual Plot Images






2022/3/3 12:45


2022/3/3 12:44


2022/3/3 12:44



# Payment Plan

## Indraprastha City, Naubatpur



**Date - 1st June, 2023**

| Down Payment - Rs 999/- per Sq. Ft.(Duration:30 Days) | | |
|---|---|---|
| Plot Size | | 900 Sq. Ft. |
| Booking Amount | 10% | 89,910 |
| Within 3 Days | 15% | 1,34,865 |
| Within 8 Days | 35% | 3,14,685 |
| Within 14 Days | 30% | 2,69,730 |
| Within 23 Days | 10% | 89,910 |
| Total Basic Selling Price | | 8,99,100 |

| Flexi Payment - Rs 1025/- per Sq. Ft.(Duration: 90 Days) | | |
|---|---|---|
| Plot Size | | 900 Sq. Ft. |
| Booking Amount | 10% | 92,250 |
| Within 7 Days | 15% | 1,38,375 |
| Within 35 Days | 35% | 3,22,875 |
| Within 65 Days | 30% | 2,76,750 |
| Within 83 Days | 10% | 92,250 |
| Total Basic Selling Price | | 9,22,500 |

| Time Linked Plan - Rs 1050/- per Sq. Ft.(Duration: 180 Days) | | |
|---|---|---|
| Plot Size | | 900 Sq. Ft. |
| Booking Amount | 10% | 94,500 |
| Within 10 Days | 15% | 1,41,750 |
| Within 35 Days | 35% | 3,30,750 |
| Within 95 Days | 15% | 1,41,750 |
| Within 140 Days | 15% | 1,41,750 |
| Within 173 Days | 10% | 94,500 |
| Total Basic Selling Price | | 9,45,000 |

**Note :-**

- Stamp duty, Registration Fee, Legal and documentation Charge will be borne by the alottee.
- Corner Plot PLC 10%, Park 10%, Community Hall 10%
- Cheque in Favour of GOAL INFRATECH PVT. LTD. (OPC)
- Rate revision after 60 days.



## FACILITIES

- 35 ft. & 16 ft. Wide Road
- Entry Gate
- Park
- Street Light & Drainage
- Electricity
- Security
- Pillar & Wiring
- Eco Friendly Environment
- Commercial Shop & more




## Goal Infratech Pvt. Ltd.

Mustafapur, Khagaul, Danapur Khagual
Road Danapur, Patna-801105

**Toll Free No. : 18001233841**

**E-mail:** Info@goalinfratech.com
**Web.:** www.goalinfratech.com